## एक नजर में

### भाई की स्मृति में स्कूल को वॉटर कूलर भेंट

**बैतूल।** दान से बड़ा कोई धर्म नहीं है, दान देने से ही व्यक्ति में सतप्रवृत्तियों का विकास होता है। उसमें में विद्या मंदिर में दान ईश्वरीय भक्ति से कम नहीं है। इसी उद्देश्य को लेकर समाजसेवी प्रदीप कुंभारे के द्वारा उनके स्वर्गीय भाई मनीष कुंभारे की स्मृति में आयोजित सप्त दिवसीय भागवत पुराण कथा के अवसर पर ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए ढोंडवाड़ा स्कूल के पूर्व छात्र प्रदीप कुंभारे द्वारा स्कूल को वॉटर कूलर भेंट किया गया। इस मौके पर समाजसेवी सुरेन्द्र धोटे व शिक्षक मदनलाल ढढोरे ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ेगा व स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह सराहनीय पहल है और लोगों के लिए भी प्रेरणादायी है। पूर्व छात्र के द्वारा किए गए कार्य की शाला प्रबंधन समिति व ग्रामीणों की सकारात्मक पहल की सराहना की। इस मौके पर अतिथियों द्वारा शिक्षक राजू गंगारे के द्वारा छात्रों स्वेटर वितरण जैसे सेवाभावी कार्य करने के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर समाजसेवी रामशंकर साबले, संस्था प्राचार्य मीना डंडारे प्रीति बाला माकोड़े, अशोक कुमार इवने, कैलाश पवार, हेमलता चौधरी, योगेन्द्र कुमार मेहरा, डॉ.कलावती हारोड़े, महेन्द्र पंवार, ताहिर बानो, आशा अरोरा, राजेन्द्र कुमार बेले, शारदा माथनकर, जाग्रति भावसार, पूनम काले, जयदेव डोंगरे, मदनलाल ढढोरे, होसीलाल उइके, प्रदीप पौंड्रिक, अशोक पवार, संदीप पांडे,राजु गंगारे, केसी पवार, सुभाष सातनकर, विनीता ठाकुर आदि ने श्री कुंभारे के सेवा कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

### मतदाता सूची से 12 हजार नाम बाहर

**पाथाखेड़ा।** क्षेत्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर जागरूकता अभियान के तहत लगभग 12 हजार नाम से ज्यादा कटौती के बाद फिर से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। सारनी नगर पालिका परिषद क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएआर) अभियान के तहत मतदाताओं की स्थिति को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। क्षेत्र में कुल लगभग 40 से 45 हजार मतदाता शेष बताए जा रहे हैं, वहीं एसएआर प्रक्रिया के माध्यम से करीब 12 हजार मतदाताओं के नाम सूची से काटे गए हैं। यह कटौती मुख्यत: उन मतदाताओं की हुई है, जो सत्यापन के दौरान अपने पते पर अनुपस्थित पाए गए या जिनकी केवाईसी पूर्ण नहीं हो सकी। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार, जिन मतदाताओं के नाम ब्लू श्रेणी में दर्ज होकर कटे हैं, उन्हें दोबारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऐसे मतदाता फॉर्म-6 के माध्यम से वीकेवाईसी (वोटर केवाईसी) प्रक्रिया पूर्ण कर पुन: अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इस उद्देश्य से नगर पालिका सारनी में कटे हुए मतदाताओं की सूची चस्पा की गई है, ताकि संबंधित नागरिक समय रहते जानकारी प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई कर सकें। प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि लोकतांत्रिक अधिकार के संरक्षण हेतु वे सूची की जांच अवश्य करें और यदि नाम कट गया हो तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत पुन: नाम जुड़वाएं। यह पहल मतदाता सहभागिता और पारदर्शी चुनाव प्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रही है। बताया जा रहा है जिनके नाम किसी कारणवश मतदाता सूची से हट गये उनके पास पुन: नाम जुड़वाने के लिए अभी अवसर शेष है।

# शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लग रहे एडवांस टेक्नोलॉजी के कैमरे

**बैतूल, 27 दिसंबर. शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई इनेबल्ड और फेशियल रिकगनिशन एप्लीकेशन वाले सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे है।**

**शहर के 9 चौक-चौराहों पर लगेंगे एडवांस कैमरे**



इसकी शुरूआत शहर में स्टेडियम चौराहे से कर दी है। इन कैमरों की खाशियत यह है कि यह आंख, चेहरे के आकार और चाल की स्कैनिंग करेगे। संदिग्ध और आदतन अपराधियों के चेहरे, स्केच, फोटो, आंख की पुतलियों, चाल के डाटा से मेल खाते हुए लोगों के दिखाई देने पर यह कैमरे अलर्ट जारी कर देंगे। इससे अपराधियों की धरपकड़ आसान होगी। यह कैमरे एचडी यानी हाई डेफिनेशन और नाइट विजन वाले होंगे। जो लोगों की आंखों की पुतलियों, चेहरे और चाल की स्कैनिंग करने में सक्षम होगे। वैसे शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है, लेकिन इन कैमरों की एडवांस टैक्नोलॉजी से संदिग्ध और अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की धरपकड़ आसान होगी, क्योंकि यह कैमरे संदिग्ध और आदतन अपराधियों के चेहरे, स्केच, फोटो, आंख की पुतलियों, चाल के डाटा से मेल खाते लोगों के दिखाई देने पर जारी करेंगे।

**9 प्रमुख चौक-चौराहों पर लगेगे कैमरे :** शुरुआत में शहर के 9 प्रमुख चौराहों, कारगिल चौक, नेहरू पार्क के सामने, लल्ली चौक, गंज मैकेनिक चौक, सदर गेंदा चौक समेत अन्य जगहों पर ये कैमरे लगाए जाएंगे।

इसके बाद जिले में अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में भी ये कैमरे लगाए जाएंगे। यह कैमरे जो भी रिकॉर्ड करेंगे, उससे पुलिस विभाग की ओर से अपराधियों के आधार कार्ड के फोटोग्राफ, पुतलियों का डाटा मैच किया जाएगा। यदि कोई भी फरार आरोपी का डाटा इससे मैच खाएगा, तो इन कैमरों का एप्लीकेशन तुरंत इस तरफ संकेत दे देगा और अपराधियों को तुरंत पकड़ना आसान हो जाएगा।

> आंख की पुतली, चाल और चेहरे की आकृति को स्कैन करने वाले विशेष किस्म के कैमरे शहर में लगाए जा रहे हैं। प्रमुख चौराहों पर यह सबसे पहले लगाए जाएंगे। इसके बाद एक-एक करके अन्य संवेदनशील जगहों पर इन्हें लगाया जाएगा।
>
> **वीरेंद्र जैन, एसपी, बैतूल**

**चेहरे को कैमरे में कैप्चर कर किया जाएगा मिलान**

18 लाख की जनसंख्या वाले जिले में लगभग इतने ही आधार हैं। इन सभी आधार के फोटोग्राफ, आंखों की पुतलियों का डाटा, चेहरे का आकार और आकृति रहती है। पहले इस फेस रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी से चेहरे को कैमरे में कैप्चर किया जाएगा। इसके बाद चेहरे की पहचान करने या फिर उसके हाव-भाव समझने के लिए कंप्यूटर के डाटा का इस्तेमाल करके आंखों या ठुड्डी के आकार और नाक और होंठ के बीच की दूरी जैसे पैमाने इसमें मदद करते हैं। यह टेक्नोलॉजी पहले से सेव डाटा का एनालिसिस कर किसी चेहरे से मिलान कर सकती है। फेस डिटेक्शन और एनालिसिस के बाद आखिरी चरण के तौर पर डाटा का मिलान किया जाता है।

**अपराधियों के स्कैच भी इसमें किए जा सकेंगे अपलोड**

पुलिस विभाग की ओर से यदि कोई स्केच यदि किसी मामले में अपराधियों का बनवाया जाता है तो भविष्य में इस स्केच को भी इन कैमरों के डाटा से मिलान किया जा सकेगा। इस मिलान के बाद इस स्केच से मेल खाते सभी चेहरे इसमें देखे जा सकेंगे। इससे अपराधी तुरंत पकड़े जा सकेंगे। जगह- जगह तलाशने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। पुलिस विभाग के अपराध के रिकॉर्ड के अपराधियों के डाटा में जो भी फोटोग्राफ, आंखों की पुतली का रिकॉर्ड होगा उससे इस चौराहों पर लगे कैमरों के डाटा से मिलान किया जाएगा। चौराहों से यदि वह अपराधी गुजरता है तो उसके चेहरे का मिलान होते ही यह एप्लीकेशन इंडीकेट करेगा और उसे चिन्हित किया जाएगा।

## ऑडिटोरियम में वाहन चालकों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**बैतूल।** बैतूल स्थित ऑडिटोरियम में वाहन चालकों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन ने वाहन चालकों को शहर, जिले में सुगम यातायात संचालन, अनुशासित वाहन संचालन, वैधानिक दस्तावेज सहित वाहन के रखरखाव की जानकारी दी। बीमा संबंधी एडवाइजरी जारी करते हुए जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, ब्लैकस्पॉट/एक्सीडेंट जोन एरिया के आसपास के ग्रामीणों को आपातस्थिति में सड़क दुर्घटना के घायलों को सीपीआर देने एवं





घायलों को गोल्डन ऑवर में ट्रामा/हॉस्पीटल पहुँचाने की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक ने वाहन चालकों को रहवीर योजना, हिट एंड रन स्कीम, कैशलेस ट्रेटमेंट स्कीम के बारे में भी बताया। शिविर के दौरान नागरिकों को बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय चालक एवं पीछे बैठे व्यक्ति दोनों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। चार पहिया वाहन में यात्रा करते समय सभी व्यक्तियों को सीट बेल्ट लगाना आवश्यक है। नाबालिग व्यक्तियों से वाहन न चलाएँ और न ही उन्हें वाहन चलाने दें। शराब पीकर वाहन न चलाएँ, यह दुर्घटना का मुख्य कारण बनता है। गलत दिशा में वाहन न चलाएँ। नेशनल हाईवे पर मेडियन में अवैध कट बनाकर वाहन न निकालें, यह अत्यंत जोखिमपूर्ण है। ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन न करें। वाहन को निर्धारित गति सीमा में ही चलाएँ। किसी भी यात्री या मालवाहक वाहन में ओवरलोडिंग न करें। सड़क किनारे लगे यातायात संकेतों एवं चिन्हों का अनिवार्य रूप से पालन करें। इस अवसर पर नागरिकों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने की शपथ भी दिलाई गई।

## झूले वालों ने जमा नहीं की नगरपालिका में राशि

**मुलताई। पवित्र नगरी में लगे ताप्ती मेले में झूले वालो द्वारा झूले लगाने के लिए भूमि की नीलामी बोली लगाकर जमीन की दर निश्चित की थी।**

**नगरपालिका ने किया एक झूला जब्त**

**मेला समाप्त होने पर, लेकिन जमा नहीं की राशि**

अब मेला समाप्त होने पर झुले भी उठने लगे है,लेकिन झूले वालो द्वारा नपा में राशि जमा नहीं की है. जिसके चलते शनिवार को सीएमओ वीरेंद्र तिवारी की



उपस्थिति में उपयंत्री महेश त्रिवेदी,विशाल भारती द्वारा झूला खोलकर वाहनो से लेकर जा रहे आरिफ का झूला जप्त कर वाहन खडा करवाया है, जिस पर 1 लाख 50 हजार रुपए की राशि बकाया है। उपयंत्री महेश त्रिवेदी ने बताया झूला संचालक विशाल कडूकार पर 2लाख 10 हजार रुपए, अखलाश पिता गफ्फुर छिंदवाडा पर 4 लाख 80 हजार, साजिद पिता अज्जू निवासी बैतूल पर 4 लाख 70 हजार रुपए की राशि बकाया है। जिनके द्वारा झूले लगाने के पहले राशि जमा करने का आश्वासन दिया है।

## ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर, बाइक सवार 2 युवकों की मौत

**मुलताई।** नेशनल हाईवे बैतूल रोड पर बानूर खापा जोड के पास शुक्रवार की रात करीब 9.30 बजे एक ट्रक चालक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। बताया जाता है ग्राम जलालखेडा महाराष्ट्र निवासी रविंद्र पिता बबलू चिल्हाटे 21साल एवं रोशन पिता संतोष चौहान 17साल निवासी लायवानी थाना झल्लार अपनी बाइक से जलालखेडा से लायवानी जा रहे थे। इस दौरान बैतूल रोड पर बानूरखापा जोड़ के पास रुद्रा मुद्रा ढाबे के सामने एक ट्रक चालक ने वाहन तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे रविंद्र का कमर के नीचे का भाग बुरी तरह कुचला गया एवं सिर पर गंभीर चोट आई वहीं रोशन के सिर पर भी गंभीर चोट आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पहुंची। साईखेडा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक दिलीप झरबडे ने बताया रात्रि में ही मर्ग कायम कर दोनों के शव मुलताई अस्पताल पहुंचा दिए थे। शनिवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौपे गए है। मामले में जांच की जा रही है।

## अयोध्या के लिए बैतूल से पदयात्री हुए रवाना

**बैतूल।** राधा कृष्ण मंदिर गंज से अयोध्या जी तक पद यात्रा के लिए पदयात्रियों ने प्रस्थान किया। केन्द्रीय मंत्री डीडी उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, शिक्षाविद किन्तु दीक्षित साहित जनप्रतिनिधि व समाजसेवीयों ने फूलमाला से अभिनंदन कर पदयात्री धनंजय सिंह ठाकुर व केशो मोरले को विदा किया। उल्लेखनीय है कि यह दोनो युवकों के द्वारा बैतूल से अयोध्या दूसरी बार पदयात्र की जा रही है। इस बार मां ताप्ती, पूर्णा नदी के जल सहित जिले की नदियों, गांव की माटी, धर्म ध्वज और तिरंगा के साथ अयोध्या पहुंचेगे। इस मौके पर डीडी उईके ने कहा कि यह पदयात्रा



वह सद्भावना देश की अखंडाता को सम्प्रभुता को दर्शाती है। उन्होने कहा कि हमारे जिले से दो युवक लगभग 1300 किलोमीटर की पदयात्रा कर रामलीला के दर्शन करेंगे जो हम सभी के लिए सौभाग्य का विषय है। सुधाकर पवार ने कांतु दीक्षित कहा की यह पद यात्रा दो राज्य व 19 जिले क्रास करती हुई रामलला सरकर के धाम अयोध्या पहुंचेगी हम सभी इसके आज हम सभी साक्षी रहे यह परम सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर संजय पप्पी शुक्ला, तुलीका पाचोली, सुखदेव गुजरे, वासुदेव गुजरे, मदन लाल डढोरे, राधेलाल वनखेडे, रमेश भाटिया, पवन साहू सहित बडी संख्या लोग मौजूद थे।

## मुलताई में कवि समागम आज 100 कवि लेंगे हिस्सा

**मुलताई।** पवित्र नगरी मुलताई में नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदा पुरम व वागेश्वरी साहित्य परिषद मुलताई के संयुक्त तत्वाधान में स्व. मदन सोनी मोरखा,स्व. वसंत मिरासे बैतूल,स्व पंछी लाल बेले बडगांव की स्मृति में नितेश नैश भोपाल की अध्यक्षता में आदरणीय देवकृष्ण व्यास देवास के मुख्य आतिथ्य में 100 कवियों का समागम 28 दिसम्बर रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक स्टेशन रोड मुलताई स्थित लान में आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक जयकिशन चंदेल एवं दीपक साहू सरस ने बताया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधायक चंद्रशेखर देशमुख,आमला विधायक योगेश पण्डाग्रे,जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार,पूर्व विधायक पंजाब राव बोडखे, नपा अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर,मनीष माथनकर, मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, अंतरराष्ट्रीय गायत्री परिवार दक्षिण भारत प्रभारी उत्तम गायकवा?,उपेन्द्र पाठक, लोकेश गीदकर, अतिथि कवि पंडित महेन्द्र मधुर आष्टा, मुकेश मासूम, खातेगांव,जयकृष्ण चाण्डक हरदा,शंकर बटोही भोपाल,श राजकुमार कोरी,संतोष जैन, लीनासिंह परिहार सागर,मनोज शुक्ला,सुनील पांसे,अजय पवार, भीमराव झरबड़े,पुष्पक देशमुख, अन्य कवि शामिल होगे।

## प्रकाश पर्व पर शबद कीर्तन कर की गुरु की आराधना

**मुलताई।** पवित्र नगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारे में गुरु गोविंद सिंघजी का प्रकाश पर्व शनिवार को संगत ने उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में संगत द्वारा किए जा रहे श्रीगुरुग्रंथ साहिब के सहज पाठ की समाप्ति हुई। वही निशान साहिब का चोला चढ़ाया गया। उसके उपरांत संगत द्वारा शबद कीर्तन किया गया।वही गुलिंदर कौर खुराना के मार्गदर्शन में अगमवीर सिंघ ,हरनव सिंघ ,सुखमन सिंघ, चितराज सिंघ, दर्शील खत्री, गुरप्रीत सहगल,अवन्या कौर, जपबीन कौर सहित अन्य बच्चों ने शबद कीर्तन की प्रस्तुति देते हुए



गुरु की आराधना की। गुरुसिंघ सभा द्वारा इन बच्चों को उपहार भेटकर पुरस्कृत किया। गुरुसिंघ सभा गुरुद्वारा के सेवादार सरदार जसबीरसिंघ ने बताया गुरु गोविंद सिंघजी सिखो के दसवे गुरु थे। श्रीगुरु तेगबहादुरजी के बलिदान के उपरांत 11 नवंबर 1675 को श्रीगुरु गोविंद सिंघजी गुरु बने थे। जो एक महान योद्धा चिंतक कवि थे। कार्यक्रम में गुरुगोविंद सिंघजी के साहिबजादो द्वारा अल्पायु में धर्म की रक्षा के लिए दिए गए बलिदान के विषय में भी उपस्थित संगत को जानकारी दी गई। शबद कीर्तन के उपरांत सबकी सुख समृद्धि की कामना करते हुए सामूहिक अरदास की गई।दोपहर 1 बजे से गुरु का लंगर प्रारंभ हुआ।जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर भोजन प्रसादी ग्रहण की।प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में सिख समाज के साथ खत्री और पंजाबी समाज के सदस्यों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई।

## आरडी संस्थान में पूर्व छात्र मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**बैतूल।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रसिद्ध आर.डी. संस्थान बैतूल में पूर्व छात्र मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके एवं आर.डी. संस्थान की निदेशक श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर पूर्व छात्र मिलन समारोह का शुभारंभ किया। आर.डी. संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर देश के प्रतिष्ठित आईआईटी, एनआईटी एवं चिकित्सा संस्थानों में अध्ययनरत एवं विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पूर्व छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की।



समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि पूर्व छात्र मिलन समारोह जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी ज?ों से जोड़ते है। उन्होने कहा कि आरडी कोचिंग क्लासेस से एक सैक ?ा से अधिक विद्यार्थियों का आईआईटी एवं एनआईटी में तथा 70 से अधिक छात्र-छात्राओं का मेडीकल कॉलेजों में चयन होना गौरव की बात है। केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि आर.डी. संस्थान के पूर्व छात्र देश के प्रतिष्ठित तकनीकि एवं मेडीकल संस्थानों में अध्ययन करने के साथ ही ख्याति प्राप्त संस्थाओं में सेवाएं देकर अपने सपनों को साकार करने के साथ ही राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। उन्होने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ने आर.डी. संस्थान की गुणवत्ता और उत्कृष्ठता को रेखांकित किया है। आर.डी. संस्थान की निदेशक श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल ने पूर्व छात्रों का अभिवादन करते हुए कहा कि एलुमनी, संस्थान की सबसे बडी ताकत होते है। उन्होने कहा कि संस्थान के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में पूर्व छात्रो द्वारा कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्य को हासिल किया।

## पुलिया से नीचे गिरी बाइक, भाई-बहन घायल

**बैतूल।** बरेठा घाट के पास शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। हादसे में बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। युवक के पैर में लोहे की रॉड आर-पार धंस गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना दोपहर करीब 2 बजे की है। ग्राम कोटमी माल निवासी 29 वर्षीय धर्मेंद्र उइके अपनी बहन पूनम उइके के साथ बाइक से पाढर बाजार की ओर जा रहे थे। वे बाजार में दुकान लगाने के लिए निकले थे, इसी दौरान बरेठा घाट के पास पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को कट मार दी। टक्कर लगते ही बाइक असंतुलित होकर पुलिया से नीचे जा गिरी। हादसा होते ही मौके पर



मौजूद राहगीरों ने डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक जांच के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि धर्मेंद्र के पैर में लोहे की रॉड आर-पार फंसी हुई है। डॉक्टरों के अनुसार यह गंभीर चोट है, जिसे निकालने के लिए विशेष उपचार की आवश्यकता है। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि युवक की हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर करने की तैयारी की जा रही है। वहीं बहन पूनम उइके को भी शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आई हैं, जिनका जिला अस्पताल में इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और मामले की जांच की जा रही है।

## 30 को नपा की बैठक, जलावर्धन एवं मेले को लेकर होगी चर्चा

**सारनी।** आगामी 30 दिसम्बर को परिषद की हंगामेदार बैठक होंगी.जलावर्धन योजना में चार हजार की राशि कनेक्शन के विरोध मे रूप में नगर पालिका के 34 पार्षदों ने इस मुद्दे पर परिषद का सम्मेलन बुलाया जाने का आग्रह किया था। इस बैठक में कनेक्शन राशि 4000 वसूले जाने को लेकर फैसला हो सकता है। इस मामले मे विधायक योगेश पंडाग्रे ने 2300 पहले ही घोषणा कर चुके हैं। जिसमें मीटर का चार्ज 1700 जनता से अब नहीं लिया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के पार्षद 4000 की पूरी राशि माफ करने के लिए अड़े हुए हैं। कांग्रेस के पार्षदो ने 8 दिनों तक क्रमिक भूख हड़ताल की थी। नगर पालिका के 36 वार्ड में जलावर्धन की राशि को लेकर जनता में काफी आक्रोश बढ़ा हुआ है। इस बैठक में विधायक योगेश पंडाग्रे के शामिल होने की चर्चा जोरों पर चल रही है। नपा के भाजपा पार्षदों के सामने दुविधा की स्थिति बन गई है, क्योंकि परिषद में बहुमत भाजपा के पास है, वह चाहे तो पूरी राशि माफ करने का श्रेय ले सकते हैं, लेकिन ऐसा करना उनके लिए आसान नहीं होगा।

बैठक में बाबा मठारदेव मेले के कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की जायेगी। बताया जा रहा है कि बैठक में जनावर्धन और मेले के अलावा अन्य मुद्दो पर भी चर्चा हो सकती है।

## 11 से राज्य स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा का आगाज

**सारनी। स्व.विजय कुमार खण्डेलवाल की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 11 जनवरी को होने जा रहा है। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर समिति के पदाधिकारियो ने स्व. अटल बिहारी बाजपेई फुटबाल ग्राउड का निरीक्षण किया।**

**स्व . विजय खंडेलवाल की स्मृति में होगी प्रतियोगिता**

**पदाधिकारियों ने किया ग्राउंड का निरीक्षण**

समिति के संरक्षक रंजीत सिंह ने बताया कि बैतूल जिले का सबसे बड़ा टूनामेंट राज्य स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का यह 15 वां वर्ष है। जिसमे



प्रथम पुरुस्कार 1,51,000 रूपये या बुल्ट मोटर सायकल, द्वितीय पुरुस्कार 75,000 या टीवीएस की बाइक व मैन आफ द सिरिज स्पोर्टस साईकल सहित ढेर सारे आकर्षक पुरुस्कार रखा गया है। टूर्नामेन्ट में इस बार 32 टीम को इन्ट्री दी जायेगी। जिसमे 750 खिलाडीं भाग लेगे। इस स्पर्धा में नागपुर, भोपाल, हरदा, टिमरनी, इंदौर, इटारसी, होशंगाबाद, बैतूल, मुलताई, भौरा, चिचोली, शाहपूर, परासिया, दमुआ, छिदवाडा की 16 टीम बाहर तथा 16 टीम लोकल ग्रुप से खेलती है। जिसका रंगारंग समापन 26 जनवरी को किया जायेगा। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर फुटबाल ग्राउंड में बैठक हुई। इस अवसर पर समिति के रंजीत सिंह, किशोर बरदे, भीम बहादूर थापा मौजूद थे।